www.cgfrontline.com

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

■ वर्ष: 01 ■ अंक: 60 ■ जशपुर, 16 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) ■ पृष्ठ: 08 ■ मूल्य: 01 रूपये

सीजीपीएससी पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी की जमानत पर फैसला सुरक्षित, 45 लाख में बेटा-बहू को डिप्टी कलेक्टर बनाने का आरोप

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में जेल में बंद आयोग के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने बचाव पक्ष और सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद आदेश बाद में सुनाने का निर्णय लिया।

2020-22 की भर्ती में गड़बड़ी का आरोप

यह मामला 2020 से 2022 के बीच हुई सीजीपीएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी से जुड़ा है। आरोप है कि सोनवानी ने अध्यक्ष पद का दुरुपयोग कर अपने रिश्तेदारों और रसूखदार कारोबारी के परिजनों को फायदा पहुंचाया। सीबीआई की जांच में आरोप है कि परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए गए और इसके बदले रिश्वत ली गई। 2021 की परीक्षा के परिणाम आने के बाद विवाद खड़ा हुआ था जब चयनित सूची में कई नेता, अधिकारी और कारोबारियों के रिश्तेदारों के नाम सामने आए। भाजपा के वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर ने इसे लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी और चयनितों की सूची कोर्ट को सौंपी थी।

45 लाख रिश्वत देकर बेटा-बहू को डिप्टी कलेक्टर बनवाने का आरोप

सीबीआई ने 18 नवंबर 2024 को टामन सिंह सोनवानी को गिरफ्तार

किया था। इसी मामले में बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्रवण कुमार गोयल को भी गिरफ्तार किया गया। सीबीआई का आरोप है कि गोयल ने अपने बेटे शशांक गोयल और बहू भूमिका कटियार को डिप्टी कलेक्टर बनवाने के लिए 45 लाख रुपये दिए। यह रकम ग्रामीण विकास समिति के जरिए दो किस्तों में दी गई, जिससे सोनवानी के परिजन जुड़े थे।

ईओडब्ल्यू-एसीबी से सीबीआई तक पहुंची जांच

पहले इस घोटाले की जांच आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) और एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने की। बाद में राज्य सरकार के आग्रह पर सीबीआई ने जुलाई 2024 में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। सीबीआई ने आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष और परीक्षा नियंत्रक समेत अन्य के ठिकानों पर छापे भी मारे। चार्जशीट में आरोप है कि सीजीपीएससी-2021 की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्र कुछ अभ्यर्थियों तक पहले पहुंचाए गए और आयोग के नियमों में रिश्तेदारों से जुड़े प्रावधानों में बदलाव कर लाभ पहुंचाया गया। फिलहाल टामन सिंह सोनवानी नवंबर 2024 से जेल में बंद हैं। अब हाईकोर्ट के फैसले पर नजर है कि उन्हें जमानत मिलती है या जेल में ही रहना होगा। ये सभी आरोप सीबीआई की जांच पर आधारित हैं, अदालत में पुष्टि होना बाकी है।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का बड़ा फैसला: 12,489 शिक्षकों की भर्ती का विज्ञापन और आरक्षण रोस्टर निरस्त, नौकरी कर रहे शिक्षकों को तत्काल नहीं हटाया जाएगा

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 12 हजार 489 शिक्षकों की भर्ती के लिए जारी 2023 के विज्ञापन और उसके आरक्षण रोस्टर को रद्द कर दिया है। जस्टिस एके प्रसाद की सिंगल बेंच ने यह अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह रद्द नहीं होगी और वर्तमान में नौकरी कर रहे शिक्षकों को तुरंत नहीं हटाया जाएगा। उनकी नियुक्तियां सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामले के अंतिम फैसले के अधीन रहेंगी।

2012 की रद्द व्यवस्था पर निकाला था विज्ञापन

राज्य सरकार ने 29 नवंबर, 2012 की अधिसूचना से आरक्षण बढ़ाकर 58% कर दिया था - एससी 12%, एसटी 32%, ओबीसी 14%। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने 19 सितंबर, 2022 को ही इस 58% आरक्षण नोटिफिकेशन और मॉडल रोस्टर को असंवैधानिक बताकर रद्द कर दिया था। इसके बावजूद सरकार ने उसी रद्द व्यवस्था को आधार बनाकर 4 मई, 2023 को शिक्षकों

की भर्ती का नया विज्ञापन जारी कर दिया, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।

सुप्रीम कोर्ट में लंबित है मामला

डिवीजन बेंच के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 1 मई, 2023 को सुनवाई करते हुए पहले से चल रही भर्ती और पदोन्नति प्रक्रिया को अंतिम फैसले के अधीन जारी रखने की अनुमति दी थी। अब हाईकोर्ट ने विज्ञापन और रोस्टर को निरस्त कर दिया है, लेकिन राहत देते हुए कहा है कि पहले से नियुक्त शिक्षकों को तत्काल नहीं हटाया जाएगा। अंतिम निर्णय सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर निर्भर करेगा।

क्या था मामला? 60% से ज्यादा एसटी आरक्षण का आरोप

राज्य शासन ने 4 मई, 2023 को सहायक शिक्षक, शिक्षक और व्याख्याता के 12,489 पदों पर व्यापमं के जरिए विज्ञापन निकाला था। सरगुजा और बस्तर संभाग सहित कई जिलों के लिए अलग आरक्षण रोस्टर बनाया गया था। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि रोस्टर में अनुसूचित जनजाति के लिए 60% से ज्यादा पद आरक्षित कर दिए गए ई-कैडर के 1,113 पदों में से 698 पद एसटी के लिए, यानी 62.71%, टी-कैडर के 4,659 पदों में से 3,105 पद एसटी के लिए, यानी 66.64%। इससे अनारक्षित और अन्य वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए पद कम रह गए।

धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं, सुप्रीम कोर्ट का फैसला महत्वपूर्ण, अवैध धर्मांतरण पर लगेगी रोक: सीएम

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धर्म के आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को महत्वपूर्ण और दूरगामी बताया है। रायगढ़ में मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि इस फैसले से अवैध धर्मांतरण पर निश्चित रूप से रोक लगेगी। सीएम साय रायगढ़ में कोलता समाज द्वारा आयोजित नुआखाई भेंटघाट एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने समाज को आमंत्रण के लिए आभार जताते हुए सभी को नुआखाई और शारदीय नवरात्रि की बधाई दी।

कोलता समाज शिक्षित और प्रगतिशील समाज: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोलता समाज शिक्षित, संगठित और प्रगतिशील समाज

है। समाज के लोग शिक्षा, कृषि और व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में भी कोलता समाज की महत्वपूर्ण भागीदारी है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाज की मांग पर दो बड़ी घोषणाएं कीं नगर पंचायत पुसौर में कोलता समाज के भवन के लिए 50 लाख रुपये, ग्राम कोतरलिया चंडी डोंगरी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 30 लाख रुपये।

छत्तीसगढ़ में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मैच पर खुशी जताई

मीडिया से चर्चा में साय ने छत्तीसगढ़ में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मैच के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में भारत और जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीमों के बीच होने वाले मुकाबलों से प्रदेश में महिला क्रिकेट को प्रोत्साहन मिलेगा और हमारी बेटियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से मैच देखने पहुंचकर महिला खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आह्वान किया।

छत्तीसगढ़ के 3 राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर बने आईएएस, केंद्र ने जारी किया नोटिफिकेशन, अब प्रदेश में 155 आईएएस

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों को आईएएस अवार्ड कर दिया गया है। डीओपीटी ने आज नोटिफिकेशन जारी किया, जिसके साथ ही अभिषेक अग्रवाल, सचिन भूतड़ा और राजीव पाण्डेय आज से आईएएस बन गए हैं। हालांकि अभी उन्हें बैच अलॉट नहीं हुआ है, जल्द ही बैच मिलेगा। इन तीनों के लिए यूपीएससी में डीपीसी हुई थी। डीपीसी में शामिल होने के लिए मुख्य सचिव विकास शील और जीएडी के प्रभारी सचिव मुकेश बंसल दिल्ली गए थे। ये तीनों 2013 बैच के चौथे, पांचवे और छठे नंबर के अधिकारी हैं। पिछले साल 2013 बैच के ही सुमित अग्रवाल, संदीप अग्रवाल और आशीष टिकरिहा को आईएएस अवार्ड मिला था। इस बैच में रिकॉर्ड 29 अफसर हैं, जिनमें से 6 आईएएस बन चुके हैं, 26 अभी वेटिंग में हैं।

5 पद खाली, डीपीसी सिर्फ 3 पर क्यों?

इस साल राज्य सेवा से आईएएस बनने के लिए 5 पद खाली थे, लेकिन डीपीसी सिर्फ 3 पदों पर हुई। सौम्या चौरसिया के खिलाफ मामलों की वजह से उनका लिफाफा यूपीएससी ने पिछले दो बार से बंद कर रखा है। इसी तरह सीजीपीएससी घोटाले में गिरफ्तार पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक का भी लिफाफा बंद किया गया। इसलिए 3 पदों पर ही डीपीसी हुई।

अब छत्तीसगढ़ में 155 आईएएस कार्यरत

छत्तीसगढ़ को 202 आईएएस का कोटा है। अभी 175 पोस्टेड हैं, जिनमें 23 डेपुटेशन पर हैं। डेपुटेशन हटाने पर 152 आईएएस राज्य में कार्यरत थे, अब 3 नए जुड़ने से संख्या 155 हो गई है।

बांकी नहर की भूमि पर कब्जा
200 आलीशान इमारतों पर लटकी तलवार

तीन दिन से जारी है सिंचाई विभाग का मेगा एक्शन, 60 पर बुलडोजर चलने से मचा हड़कंप

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। शहर के पॉश इलाके में दरिमा मोड़ से होकर गुजरी बांकी माइनर नहर की सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं और रसूखदारों ने कब्जे का ऐसा जाल बिछाया कि देखते ही देखते 200 से ज्यादा पक्की बिल्डिंगें खड़ी हो गईं। सालों तक सिंचाई विभाग सोता रहा और कब्जाधारी बेशकीमती जमीन पर करोड़ों का साम्राज्य खड़ा करते रहे। अब विभाग की नींद टूटी है और 13 अक्टूबर से बुलडोजर एक्शन शुरू है। तीसरे दिन तक करीब 60 अतिक्रमण जमींदोज किए जा चुके हैं। लोगों में आक्रोश और विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है। इनमें ऐसे भी लोग हैं, जो अपने पास बकायदा भूमि का वैध पट्टा होने का दावा कर रहे हैं।

विभाग ने नहर के सेंटर प्वाइंट से दोनों ओर 10-10 मीटर के दायरे को अतिक्रमण मुक्त करने का टारगेट तय किया है। टीम ने नाप-जोख कर चिन्हांकन किया और फिर बुलडोजर चलवा दिया। कार्रवाई के दौरान कई जगह विरोध और बवाल की स्थिति भी बनी, लेकिन भारी पुलिस बल और विभागीय अमले के दम पर अतिक्रमण हटाने में टीम कामयाब रही। सिंचाई विभाग के एसडीओ का कहना है कि माइनर नहर की जमीन पर कब्जा कर लोगों ने बड़े-बड़े मकान और व्यवसायिक भवन बना लिए हैं। यह जमीन सिंचाई विभाग की है, जिस पर किसी भी तरह का निर्माण प्रतिबंधित है। लंबे समय से इसकी अनदेखी की गई, जिसके कारण अतिक्रमण बढ़ता गया। अब शासन के निर्देश पर पूरी नहर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मुहिम चल रही है। उन्होंने बताया कि शासकीय रिकॉर्ड में करीब 200 निर्माण चिन्हित किए गए हैं। सभी

को नोटिस देने के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। किसी के साथ अन्याय नहीं हो रहा है, सिर्फ सेंटर प्वाइंट से 10-10 मीटर के भीतर आने वाले निर्माण ही हटाए जा रहे हैं। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

तीन मंजिला इमारत पर चला बुलडोजर

अतिक्रमण हटाने के दौरान श्रीगढ़ क्षेत्र में एक तीन मंजिला आलीशान बिल्डिंग पर भी बुलडोजर चला। बिल्डिंग के अगले हिस्से को तोड़ दिया गया। बिल्डिंग मालिक तुलसी अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने साढ़े 12 डिसमिल जमीन की विधिवत रजिस्ट्री कराई है। सारे दस्तावेज होने के बावजूद राजस्व अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा मुझे सरकारी जमीन का एक इंच भी नहीं चाहिए, लेकिन मेरी निजी जमीन तो छोड़ दी जाए। बुलडोजर से भारी नुकसान हुआ है। इसी तरह दद्दू विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी बिल्डिंग भी ढहा दी गई, जिससे उन्हें एक करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। अतिक्रमणकारियों का आरोप है कि नाप-जोख में गड़बड़ी की जा रही है।

विभाग ने कहा-नाप के बाद कार्रवाई

विभाग का कहना है कि पूरी कार्रवाई राजस्व नक्शे और नहर के मूल एलाइनमेंट के आधार पर हो रही है। 60 अतिक्रमण हटाए जा चुके हैं और बाकी बचे 140 पर भी जल्द बुलडोजर चलेगा। इस कार्रवाई से पूरे शहर में हड़कंप मचा है। जो लोग नहर किनारे मकान बनाने की तैयारी में थे, अब सहमे हुए हैं।

बस किराया, बिजली बिल और भर्ती परीक्षाओं पर कांग्रेस का वार, जनता पर बढ़ रहा आर्थिक बोझ - दीपक बैज

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बस किराए में बढ़ोतरी, बिजली बिल में अतिरिक्त कोयला प्रभार और भर्ती परीक्षाओं के स्थगन को लेकर कांग्रेस ने साय सरकार को घेरा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा में इन मुद्दों को जनता, किसान और युवाओं से जुड़ा बताते हुए सरकार से तुरंत कदम उठाने की मांग की।

एक साल में दूसरी बार बस किराया बढ़ा, आम यात्री पर बोझ

दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में एक साल के भीतर दूसरी बार बस किराए में वृद्धि की गई है। महंगाई के बीच किराया बढ़ने से मजदूर, किसान, विद्यार्थी और रोजाना यात्रा करने वाले लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। कांग्रेस ने सरकार से किराया वृद्धि पर पुनर्विचार कर आम यात्रियों को राहत देने की मांग की।

बिजली बिल में 300 से 1000 तक अतिरिक्त प्रभार का आरोप

बैज ने बिजली बिल में वसूले जा रहे अतिरिक्त कोयला प्रभार पर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि अक्टूबर माह में कई उपभोक्ताओं के बिल में 300 से 1000 रुपये तक अतिरिक्त प्रभार जोड़ा गया है। कई जगह शुल्क जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटने की शिकायतें भी आई हैं। उन्होंने बिजली दरों और अतिरिक्त शुल्क की समीक्षा और उपभोक्ताओं को स्पष्ट जानकारी देने की मांग की।

पटवारी हड़ताल से धान खरीदी पर असर की चिंता

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर चल रही पटवारियों की हड़ताल पर बैज ने चिंता जताई। कहा कि इससे किसानों के राजस्व कार्य और धान खरीदी के लिए पंजीयन प्रभावित हो सकता है। धान खरीदी का समय नजदीक है, ऐसे में सरकार को पटवारी संघ से बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए।

भर्ती परीक्षाओं में देरी से युवा परेशान

पीएससी की एसआई-सूबेदार भर्ती परीक्षा और पीएससी-2025 के इंटरव्यू स्थगित होने, शिक्षक भर्ती परीक्षा टलने और आरक्षक भर्ती का परिणाम जारी नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। बैज ने कहा कि अनिश्चितता से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को परेशानी हो रही है। सरकार रिक्त पदों पर भर्ती तेज करे और समय-सीमा तय करे।

सहकारी समितियों की खरीद में गुजरात की कंपनियों को लाभ का आरोप

धान खरीदी से जुड़ी सामग्री जैसे तिरपाल, कैप कवर, कैमरा, सुतली की केंद्रीकृत टेंडर से खरीद पर भी कांग्रेस ने आपत्ति जताई। बैज ने आरोप लगाया कि इससे स्थानीय व्यापारियों और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की भूमिका सीमित हो रही है और गुजरात की कंपनियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने खरीद व्यवस्था की समीक्षा की मांग की।

तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर, विधायक मोहले के भाई समेत तीन लोगों की मौत

❒ छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मुंगेली। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के दशरंगपुर गांव में गुरुवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले के भाई अधीन मोहले समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में अधीन मोहले, निवासी आवासपारा दशरंगपुर, बल्लू बघेल, पिता तिजऊ राम तथा गंगा राम, निवासी रेहुंटा शामिल हैं। हादसे की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक पुन्नूलाल मोहले जिला अस्पताल पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद उन्होंने तीनों मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं विधायक के समर्थक और भाजपा नेता-कार्यकर्ता भी जिला अस्पताल पहुंचने लगे। प्राप्त

जानकारी के अनुसार, हादसा विधायक पुन्नूलाल मोहले के गृह ग्राम दशरंगपुर में हुआ। उनके भाई अधीन मोहले भी इसी गांव के निवासी थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह करीब 6 बजे अधीन मोहले मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इस दौरान वे अपने घर के बाहर सड़क किनारे खड़े होकर कुछ लोगों से चर्चा कर रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार और अनियंत्रित पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि अधीन मोहले समेत तीन लोगों की जान चली गई।

अनछुए गाँवों तक पहुँचा प्रशासन, कलेक्टर ने राजपुर-शंकरगढ़ का किया सघन निरीक्षण

★ पतरापारा की लखपति दीदियों से टमाटर का उपहार, धारा नगर में ठेकेदार को नोटिस : कलेक्टर का मैराथन दौरा
★ गुणवत्ता से समझौता नहीं - घटिया नाली निर्माण पर कलेक्टर ने रुकवाया काम
★ जिले के अंतिम छोर तक पहुँचीं कलेक्टर, कहीं सराहना तो कहीं सख्ती से परखीं योजनाएँ

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बलरामपुर। पहाड़ी कोरवा बाहुल्य ग्राम पतरापारा में श्रीमती सोनिया शांडिल्य ने अपनी बाड़ी में उगे ताजे टमाटर जब कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी को उपहार में भेंट किए, तो कलेक्टर ने प्रतीक स्वरूप उनमें से एक टमाटर स्वीकार कर उनके परिश्रम को सम्मान दिया। यह आत्मीय क्षण कलेक्टर के उस मैराथन दौरे की पहचान बना, जिसमें उन्होंने राजपुर और शंकरगढ़ क्षेत्र के दूरस्थ एवं अब तक अनछुए गाँवों तक पहुँचकर शासकीय योजनाओं की ज़मीनी हकीकत परखी। दिनभर के इस दौरे में जहाँ अच्छे कार्यों को खुलकर सराहना मिली, वहीं लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों पर सख्त कार्रवाई भी हुई।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत चिन्हित ग्राम पतरापारा में कलेक्टर ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के वित्तीय समावेशन से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं की खेती का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। बैंक लिंकेज से ऋण लेकर ये महिलाएँ टमाटर, मिर्च, सेम और गोभी जैसी उच्च गुणवत्ता की सब्जियों का उत्पादन कर रही हैं। उनके कार्य की प्रशंसा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि खेती की बारीकियों को इतनी गहराई से समझने वाली लखपति दीदियों के बीच आकर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। इसी गाँव में उन्होंने पहाड़ी कोरवा परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं और निराकरण के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्र की आवश्यकता को देखते हुए परिवारों का सर्वे कर प्रस्ताव शासन को भेजने तथा पेयजल एवं बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश देने के साथ उन्होंने बच्चों को नियमित स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया।

जिले के अंतिम छोर पर दस्तक देते हुए कलेक्टर ग्राम पंचायत पोड़ी खुर्द के आमाकोना स्थित बहुउद्देशीय केन्द्र भी पहुँचीं। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्थापित इस केन्द्र में आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं। यहाँ बच्चों ने कलेक्टर का आत्मीय स्वागत किया, जिसके बाद उन्होंने केन्द्र परिसर का अवलोकन किया।

राजपुर विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्रों में कलेक्टर का संवेदनशील और सख्त, दोनों रूप देखने को मिला। हरिजनपारा आंगनबाड़ी केन्द्र में उन्होंने नन्हे बच्चों के बीच बैठकर आत्मीय बातचीत की और उन्हें खिलौने भेंट किए, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने सीडीपीओ को केन्द्र परिसर में पोषण वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को ताजी हरी सब्जियाँ वहीं उपलब्ध हो सकें। वहीं कुन्दी खुर्द आंगनबाड़ी केन्द्र में रेडी टू ईट एवं दलिया के वास्तविक भंडार का पंजी से मिलान करने पर अनियमितता सामने आई और बच्चों को समय पर नाश्ता न दिए जाने की बात भी पाई गई। इस पर नाराज़गी जताते हुए कलेक्टर ने संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी बच्चों के स्वस्थ भविष्य की पहली सीढ़ी है और पोषण आहार वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने राजपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पीएम जनमन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा आवासीय परिसर का निरीक्षण कर अध्ययन-अध्यापन, छात्रावास, भोजन, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा बेहतर संचालन एवं प्रबंधन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। दूरस्थ अंचलों की बालिकाओं और विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने वाले इन संस्थानों के संबंध में उन्होंने कहा कि यहाँ प्रत्येक विद्यार्थी को सुरक्षित, स्वच्छ और प्रेरणादायी वातावरण मिलना सुनिश्चित किया जाए।

इसके बाद कलेक्टर ने किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के तहत संचालित कृषि सेवा केन्द्र राजपुर का अवलोकन कर केन्द्र के संचालन और उपलब्ध सामग्री की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से यह जाना कि किसानों को खेती से जुड़ी आवश्यक सामग्री और सेवाएँ उचित मूल्य पर समय से मिल रही हैं या नहीं।

शंकरगढ़ विकासखंड के ग्राम मानपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कलेक्टर ने श्री निर्मल सोनवानी के घर लगे नल का अवलोकन कर परिवार से पानी की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने सब इंजीनियर को हर घर में शत-प्रतिशत जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा जहाँ सुधार की आवश्यकता है, वहाँ कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बेलकोना के धारा नगर में हरिनलेटा मार्ग पर बन रही नाली के निरीक्षण के दौरान निर्माण में प्रयुक्त गिट्टी एवं अन्य सामग्री की गुणवत्ता पर कलेक्टर ने गहरा असंतोष जताया। उन्होंने मौके पर ही काम रोकने तथा ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। समीप ही आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा निर्माणाधीन आश्रम भवन का निरीक्षण कर उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आंगनबाड़ी से आवासीय विद्यालय, खेत से नल और नाली से आश्रम भवन तक, इस दौरे के माध्यम से कलेक्टर ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि योजनाओं की सफलता का वास्तविक पैमाना जिले के अंतिम छोर पर बसे हितग्राही तक उनका लाभ पहुँचना है।

जयनगर हायर सेकेंडरी स्कूल में चौथी बार समर्सिबल पंप चोरी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। ग्राम पंचायत जयनगर में संचालित शासकीय आजाक हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में लगे मोटर पंप को अज्ञात चोरों ने बीती रात चोरी कर ली है। स्कूल के प्राचार्य ने जयनगर थाना में आवेदन देकर आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की है। स्कूल प्रबंधन द्वारा थाना में दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि बीती रात अज्ञात चोरों ने स्कूल प्रांगण में स्थित मोटर पंप का ढक्कन तोड़कर समर्सिबल पंप पार कर दिया है। विद्यालय में पहले भी तीन बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लगातार हो रही वारदातों से विद्यालय प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है। गुरुवार की सुबह विद्यालय पहुंचने पर देखा गया कि अज्ञात चोरों द्वारा बोरवेल का ढक्कन टूटा हुआ मिला और उसमें लगा समर्सिबल पंप गायब था। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन को चोरी की जानकारी हुई। बार-बार शैक्षणिक संस्थान को निशाना बनाया जाना विद्यालय की संपत्ति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता का विषय बन गया है। विद्यालय में समर्सिबल पंप का उपयोग बोरवेल से पानी उपलब्ध कराने के लिए किया जाता है। पंप चोरी हो जाने से विद्यालय की पेयजल व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। इसका असर विद्यार्थियों और विद्यालय के कर्मचारियों को होने वाली दैनिक असुविधाओं के रूप में सामने आ गया है।

बस्तामुक्त विद्यालय में पालक-बालक-शिक्षक की बैठक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। प्रथम बस्तामुक्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में पालक- बालक-

शिक्षक की बैठक संस्था की एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती कौशिल्या राजवाड़े के नेतृत्व में आयोजित की गई। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में उपस्थित पालकों को त्रय मासिक परीक्षा फल की जानकारी देकर बच्चों के घर पर पढ़ने बैठाने, गृह कार्य करने को बोलने तथा संध्या समय में स्कूल में पढ़ी गई चीजों को घर पर पढ़ रहे हैं या नहीं देखने की बात पर चर्चा की गई। उपस्थित पालकों को आगामी दशहरा अवकाश पर बच्चों को पर्याप्त गृहकार्य दिए जाने की बात बताकर गृहकार्य को करवाने हेतु प्रेरित किया गया। संस्था की तीन ड्रॉप आउट छात्राओं नैनसी यादव, नगीना यादव तथा संगीता यादव के अनुपस्थिति पर चर्चा कर उन्हें विद्यालय से सतत रूप से जोड़ने पर बच्चों को भी शामिल करने की बात कही गई। नवप्रवेशी बच्चों के बैंक खाता खुलवाकर संस्था में खाता नंबर जमा करने, जाति-निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनवाने को कहा गया।

एसईसीएल बिश्रामपुर की पहल से 55 महिलाएं बनीं हुनरमंद

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत महिला सशक्तीकरण एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में पहल करते हुए परिधान प्रशिक्षण एवं अभिकल्पना केंद्र के माध्यम से संचालित चार माह के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 55 महिलाओं को सिलाई किट एवं बैग वितरित कर स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 1 जुलाई को हुआ था। चार माह तक चले इस प्रशिक्षण में महिलाओं को सिलाई, परिधान निर्माण तथा इससे संबंधित विभिन्न व्यावहारिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के परिधान तैयार करने की तकनीक सीखीं और अपने हुनर को निखारा। समापन कार्यक्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में आरजीके उपक्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत शर्मा, बिश्रामपुर क्षेत्र के

सीएसआर नोडल अधिकारी आशीष क्लेरेंस तथा रेहर भूमिगत खदान के नोडल अधिकारी श्रेयांश दुबे भी मौजूद रहे। परिधान प्रशिक्षण एवं अभिकल्पना केंद्र के प्रभारी डीपी सिंह मरकाम तथा प्रशिक्षिका कलावती साहू ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने अपने हाथों से तैयार किए गए परिधानों का प्रदर्शन किया। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए परिधानों की गुणवत्ता और उनकी कार्यकुशलता ने प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल को प्रदर्शित किया। प्रशिक्षण पूरा होने पर सभी 55 महिलाओं को सिलाई किट एवं बैग प्रदान किए गए, ताकि वे उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि एसईसीएल सामाजिक सशक्तीकरण एवं सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार के अवसरों से जोड़ना संस्था की सीएसआर गतिविधियों का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की यह पहल महिलाओं को व्यावसायिक कौशल प्रदान करने के साथ ही उनकी आर्थिक भागीदारी बढ़ाने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय स्तर पर महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर विकसित होने की उम्मीद है।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा में अंकिता गुप्ता ने हासिल की सफलता

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। नगर की मेधावी छात्रा ग्राम पंचायत सतपता निवासी एकांत स्वीट्स संचालक सुरेंद्र गुप्ता की पुत्री कु. अंकिता गुप्ता ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार सहित बिश्रामपुर को गौरवान्वित किया है। उन्होंने अखिल मेरिट सूची में 35 वां स्थान प्राप्त कर क्वालीफाई किया है। छात्रा अंकिता ने कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर से प्रारंभिक शिक्षा तथा डीएवी स्कूल से 12 वीं तक की पढ़ाई की। इसके बाद वाराणसी के सनबीम संस्थान से बीकॉम और एमकॉम की उपाधि प्राप्त की। अपनी मेहनत, लगन और शैक्षणिक प्रतिभा के दम पर हासिल इस उपलब्धि से उनके परिवार और नगर में हर्ष का माहौल है।

गेतरा में 84 ग्रामीणों का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधि के अंतर्गत गुरुवार को खदान प्रभावित क्षेत्र गेतरा में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 84 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह एवं आरजीके यूजी माइंस के उपक्षेत्रीय प्रबंधक पीके शर्मा एएमओ यूएस बैठा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीता लाल, चिकित्सक डॉ. हर्षवर्धन सिंह एवं दंत शल्य चिकित्सक डॉ. सत्यपाल जोलहे ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य की

जांच, सामान्य बीमारियों का परीक्षण, दंत परीक्षण, रक्तचाप एवं रक्त शर्करा की जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई।

कोल इंडिया के ठेका श्रमिकों की बढ़ी मजदूरी, 1 अक्टूबर से नई दरें लागू

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। कोल इंडिया लिमिटेड ने खनन कार्यों में नियोजित ठेका श्रमिकों की दैनिक मजदूरी की नई दरें जारी कर दी हैं। 12 अक्टूबर के कार्यालय आदेश के अनुसार संशोधित दरें 1 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेंगी। नई दरों के तहत अकुशल श्रमिकों को 1341 रुपए, अर्धकुशल श्रमिकों को 1375 रुपए, कुशल श्रमिकों को 1409 रुपए और उच्च कुशल श्रमिकों को 1443 रुपए प्रतिदिन मजदूरी मिलेगी। इन दरों में मूल मजदूरी के साथ परिवर्तनीय महंगाई भत्ता शामिल है। कोल इंडिया ने औद्योगिक श्रमिकों के मूल्य सूचकांक के आधार पर महंगाई भत्ते की संशोधित दरों को शामिल करते हुए यह निर्णय लिया है। नई दरों के अनुसार भुगतान सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदारों और नियोजन एजेंसियों की होगी। इससे कोयला खदानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों के वेतन भुगतान पर सीधा असर पड़ेगा।

बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता व बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु डीईओ ने ली समीक्षा बैठक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। जिले में शैक्षणिक स्तर को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में एक दिवसीय समीक्षा सह उन्मुखीकरण बैठक आयोजित की गई। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर में आयोजित इस बैठक में विकासखंड सूरजपुर के सभी 34 हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य तथा गणित, अंग्रेजी, भौतिकी और रसायन शास्त्र जैसे प्रमुख विषयों के व्याख्याता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्यों एवं व्याख्याताओं से सीधा संवाद स्थापित कर पाठ्यक्रम की प्रगति, कक्षा अध्यापन की स्थिति और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर की गहन समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से कठिन माने जाने वाले विषयों गणित, भौतिकी, रसायन और अंग्रेजी में विद्यार्थियों की रुचि और समझ बढ़ाने के लिए आधुनिक व प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर बल

दिया। डीईओ ने भौतिकी और रसायन शास्त्र के व्याख्याताओं को प्रयोगशालाओं का नियमित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थी सिद्धांतों को प्रयोगात्मक रूप से समझ सकें। वहीं गणित और अंग्रेजी में मूलभूत अवधारणाओं को स्पष्ट करने हेतु विद्यार्थियों से निरंतर अभ्यास कार्य कराने पर जोर दिया। उन्होंने त्रैमासिक परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर शैक्षणिक रूप से पिछड़े छात्रों को चिह्नित कर उनके लिए अतिरिक्त समय देकर उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए। बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर संपूर्ण पाठ्यक्रम पूरा कराएं, जिससे विद्यार्थियों को रिविजन और मॉडल प्रश्न-पत्र हल करने का पर्याप्त अवसर मिल सके। साथ ही शिक्षकों एवं विद्यार्थियों दोनों की शत-प्रतिशत और समयबद्ध उपस्थिति अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। शाला स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और सकारात्मक शैक्षणिक माहौल बनाने पर विशेष जोर दिया गया। डीईओ ने समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कराने, कक्षा में मोबाइल ले जाने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। डीईओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि वे स्वयं विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे। यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी कक्षा में शिक्षक द्वारा मोबाइल का उपयोग करते या मोबाइल से पढ़ाते पाया गया, तो संबंधित शिक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही संस्था प्रमुख की भी जवाबदेही तय होगी। बैठक में सहायक संचालक अजय सिंह, सहायक जिला परियोजना अधिकारी चंद्रपाल कुशवाहा, सहायक परियोजना समन्वयक निर्झर मंदिलवार, सूरजपुर बीईओ हरेंद्र कुमार सिंह, संकुल समन्वयक गौरी शंकर पाण्डेय उपस्थित रहे।

शिवनदनपुर भाजपा मंडल की बैठक में संगठन को मजबूत करने दिया गया जोर

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिश्रामपुर। भाजपा शिवनंदनपुर मंडल की मंडल स्तरीय बैठक ग्राम पंचायत जयनगर बिंझिया सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी संत सिंह थे। अन्य अतिथियों में मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, देवधन राम बिंझिया, ललित गोयल, अनुपम सिन्हा, कृष्णा गोयल बल्लू, मंजित सिंह भामरा, भागवत प्रजापति, देवशरण सिंह उपस्थित रहे।

स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष हरिश राजवाड़े ने दिया। बैठक में अनुप सिन्हा ने संगठन सूत्र को विस्तार से बताया। शिवनंदनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने कहा कि बुथ से लेकर जिला समिति को और अधिक संगठित करने की आवश्यकता है। देवधन राम बिंझिया ने कहा कि हमारे संगठन में विपक्ष की भूमिका में रहे तब बड़े उत्साह के साथ संगठन के दिशा निर्देश को मानते थे। हमारे मंडल से कई कार्यकर्ता जेल तक भी गए थे। उन्होंने विकसित भारत अभियान को विस्तार से बताया। ललित गोयल ने कहा कि पुरे राष्ट्र में भाजपा सेवा संकल्प अभियान का कार्यक्रम चला रही है, जिसमें कार्यकर्ता सेवाभाव से लगकर कार्य किए और सूरजपुर जिला में शिवनंदनपुर मंडल पहले स्थान पर है मुख्य अतिथि संत सिंह ने मंडल कार्यकारिणी, शक्ति केन्द्र, बुथ कार्यकारिणी की जानकारी लेते हुए संगठन को और मजबूत करने को कहा। इस दौरान कृष्णपाल बिंझिया, बुलचू राजवाड़े, अमरलाल साहु, महेश जायसवाल, शांतनु सिंह चौहान, ब्रम्हदेव बिंझिया, अशोक सोनी, सुखदेव चौधरी, देवेन्द्र सोनवानी, समीर सिंह, नितिन सोनी, राजाराम भगत, देवानंद राजवाड़े, चंदेश्वर राजवाड़े, अमित मित्तल, ओम राजवाड़े, घलम राम, नोहर साय, अनिल कुमार, तपेश्वर सिंह, शिवचंद, आशीष कुमार, विरेन्द्र कुमार, राम लखन, उमेश राजवाड़े, अनिता सिंह, पूनमदेव सिंह, फूलबसिया राजवाड़े, मनियारो राजवाड़े, रीता भगत, वंदना चौरसिया, गीता साहू, ओम पठारी, आकांक्षा गुप्ता, श्वेता सिन्हा व अन्य उपस्थित रहे।

समाजसेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित हुए भोला प्रसाद

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। समाजसेवा के प्रति समर्पण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनहितकारी पहल के लिए भोला प्रसाद अग्रवाल को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सम्मानित किया गया।

जिला चिकित्सालय में पिछले दिनों आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। भोला प्रसाद अग्रवाल ने गायत्री शक्तिपीठ सूरजपुर में मां भगवती योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना कर लोगों को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा से जोड़ने की पहल की है। केंद्र के माध्यम से स्थानीय लोगों को लाभ मिल रहा है। स्वस्थ जीवनशैली, योग और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में उनका यह प्रयास महत्वपूर्ण माना जा रहा है।स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान के साथ ही श्री अग्रवाल विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। जनकल्याण और जरूरतमंदों की सहायता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता समाज के प्रति उनके सेवा भाव को दर्शाती है।रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा मिला यह सम्मान उनके सामाजिक योगदान और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को मिली सराहना है।

इस मौके पर विधायक भूलन सिंह मरावी रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमेन बाबूलाल अग्रवाल भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी उपस्थित रहे।

आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं उत्साह के साथ मनाएं त्योहार : रेना जमील

0 त्योहारों के मद्देनजर हुई शांति समिति की बैठक, कलेक्टर श्रीमती ने की सहयोग की अपील
0 शोभायात्रा के लिए रूटचार्ट निर्धारित करने के निर्देश

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। दशहरा, दीपावली एवं अन्य त्योहारों के दौरान जिले में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती रेना जमील की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व समाज प्रमुख सहित अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर राम सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, सर्व अनुविभागीय दंडाधिकारी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने सभी समाज प्रमुखों से आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं उत्साह के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने सभी समाज प्रमुखों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान समाज प्रमुखों से त्योहारों के सुचारु आयोजन के संबंध में सुझाव आमंत्रित किया गया। दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भारी वाहनों के मार्ग परिवर्तन, बैरिकेडिंग, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर पुलिस बल एवं गोताखोरों की व्यवस्था करने संबंधी सुझाव

दिए गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को इन सुझावों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रावण दहन स्थलों पर दमकल वाहन एवं एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं सतर्कता बनाए रखने तथा आम नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया।

निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील

बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं डीजे के उपयोग पर चर्चा की गई। समाज प्रमुखों से निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा तेज आवाज से आम नागरिकों को होने वाली असुविधा से बचाने की अपील की गई। साथ ही दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय-सीमा निर्धारित करने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि विसर्जन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

रूटचार्ट निर्धारित करने के निर्देश

विजयादशमी पर्व पर निकलने वाली शोभायात्रा के संबंध में भी समाज प्रमुखों के साथ चर्चा की गई। कलेक्टर ने शोभायात्रा के लिए निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अमले को समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने सभी समाज प्रमुखों एवं जिलेवासियों से आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक समरसता की भावना के साथ त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने त्योहारों को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जनसहभागिता पर विशेष जोर दिया।

सखी वन स्टॉप सेंटर का भ्रमण कर छात्राओं ने समझा कामकाज

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। महिला सशक्तिकरण केंद्र महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा की छात्राओं को सखी वन स्टॉप सेंटर का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को सेंटर की संरचना, कार्यप्रणाली, समाज में उसकी भूमिका और पीड़ित महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, घरेलू हिंसा अधिनियम, महिला कोष, 'महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098,आत्मरक्षा एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। इस दौरान बालिकाओं को शासकीय सेवाओं में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, विभिन्न पदों की कार्यप्रकृति तथा समाज एवं राष्ट्र के विकास में प्रशासनिक संस्थाओं की भूमिका के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं को अपने भविष्य के प्रति लक्ष्याभिमुख होने, स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर होने तथा विभिन्न व्यावसायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया।

राज्य स्तरीय एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण में शामिल हुए जिले के 9 प्रतिभागी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। राज्य स्तरीय एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत झांकी अभनपुर में महा शिविर ज्वाल एवं ग्रेट कैंप फायर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा के मुख्य आतिथ्य, शिविर संचालक डॉ. पूनम सिंह साहू की अध्यक्षता तथा राज्य सचिव अमित क्षत्रिय, एसओसी गाइड श्रीमती जलवती साहू एवं एसटीसी गाइड श्रीमती सरिता पांडेय के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर 8 से 14 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। जिले में स्काउट गाइड की गतिविधियों को अधिक सुचारू बनाने के लिए कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशन में एवं जिला शिक्षा अधिकारी तथा स्काउट कमिश्नर अशोक सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले के 9 प्रतिभागी प्रशिक्षण में भाग

लेकर विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य अतिथि इंदरजीत सिंह खालसा ने स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों, सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, सामाजिक सहभागिता एवं देशप्रेम की भावना को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्काउटिंग गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की अपील की। अतिथियों ने शिविर स्थल में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार किए गए टेंट, गैजेट्स, लेआउट एवं स्वच्छता व्यवस्था सहित विभिन्न प्रायोगिक परियोजनाओं का निरीक्षण किया। प्रशिक्षणार्थियों ने मंकी ब्रिज, कमांडो ब्रिज, ट्रेसल एवं वॉच टावर जैसी स्काउटिंग संरचनाओं के निर्माण की विधि एवं उनके उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण बेसिक स्काउट मास्टर प्रशिक्षण के बाद किया जाता है। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए आदिवासी लोक नृत्य, भोजली, डंडा एवं देवार नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शिविर संचालक डॉ. पूनम सिंह साहू ने बताया कि प्रशिक्षण में 51 स्काउट मास्टर, 18 रोवर स्काउट लीडर, 6 कब मास्टर, 11 राज्य स्टाफ एवं 3 सर्विस रोवर, कुल 93 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर का समापन प्रमाण-पत्र वितरण के साथ हुआ।

दुर्गा पंडाल के पास निकला विशालकाय सर्प, वन विभाग ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

बिहारपुर। सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अंन्तिकापुर में दुर्गा पूजा पंडाल के पास एक विशालकाय सर्प दिखाई देने से ग्रामीणों में हलचल मच गई। सर्प को देखकर ग्रामीणों ने उसे अजगर समझा और तत्काल इसकी सूचना वन विभाग बिहारपुर को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सर्प का सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, दुर्गा पूजा पंडाल के बगल में अचानक विशालकाय सर्प दिखाई दिया। सर्प का आकार बड़ा होने के कारण ग्रामीणों के बीच उसे लेकर चर्चा शुरू हो गई। इसके बाद

ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को इसकी जानकारी दी।

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सर्प को सुरक्षित तरीके से पकड़कर रेस्क्यू किया। ग्रामीण उसे अजगर समझ रहे थे, लेकिन वन विभाग की टीम ने उसकी पहचान अहीराज के रूप में बताई। इसके बाद सर्प को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

वन विभाग की तत्परता से सुरक्षित हुआ रेस्क्यू

दुर्गा पूजा पंडाल के समीप सर्प मिलने की घटना से ग्रामीणों में उत्सुकता बनी रही। वन विभाग की टीम ने समय पर पहुंचकर सर्प का रेस्क्यू किया और उसे प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया।

वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि सर्प दिखाई देने पर घबराएं नहीं और उसे पकड़ने या मारने का प्रयास न करें। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दें, ताकि लोगों की सुरक्षा के साथ वन्यजीवों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा सके।

जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने राजस्व एवं पुलिस अधिकारी समन्वय से करें कार्य : कलेक्टर

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। जिले में कानून और शांति व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रेना जमील की अध्यक्षता में लॉ एंड ऑर्डर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं विभिन्न आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई।कलेक्टर श्रीमती जमील ने कहा कि त्योहारों के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज परिवहन में लगे भारी मालवाहक वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करने तथा शहर एवं रिहायशी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। साथ ही इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में भी पहल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने दुर्गा पंडालों में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था, प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर

सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा रावण दहन स्थलों पर दमकल वाहन एवं एंबुलेंस की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने दीपावली के दौरान पटाखा दुकानों के लिए सुरक्षित स्थल निर्धारित करने तथा सड़क किनारे लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित स्थान पर संचालित कराने को कहा, ताकि यातायात बाधित न हो। उन्होंने दुर्गा पूजा समितियों एवं डीजे संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश देने, सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने तथा रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही धरना-प्रदर्शन, रैली एवं जुलूस के दौरान यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने को कहा।

कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां समयपूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर राम सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, सभी एसडीएम, यातायात पुलिस सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सचिव पद पर पुनीत को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। जिले के जनपद भैयाथान अंतर्गत ग्राम अधिनापुर के पुनीत कुमार राजवाड़े को उनके पिता चेयर लाल राजवाड़े के आकस्मिक निधन के पश्चात सचिव पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने उन्हें नियुक्ति पत्र देते हुए शासकीय दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले उपस्थित रहे। पुनीत ने बताया कि पिता के निधन के बाद परिवार के सामने कठिन परिस्थितियां उत्पन्न हो गई थीं। ऐसे समय में अनुकंपा नियुक्ति मिलने से उन्हें परिवार की जिम्मेदारियां निभाने के लिए संबल मिला है।

स्वरोजगार हेतु कलेक्टर ने 3 महिलाओं को प्रदान किया 40-40 हजार का चेक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने छत्तीसगढ़ महिला कोष सक्षम योजना के तहत

ग्राम समोली, जनपद भैयाथान की तीन महिलाओं को स्वरोजगार हेतु 40-40 हजार रुपये का चेक प्रदान किए। उन्होंने महिलाओं को आजीविका गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने, अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल उपस्थित रहे। योजना से लाभान्वित श्रीमती सुमन किराना दुकान का संचालन करेंगी। वहीं श्रीमती बाबी बांस से बनी सामग्री का निर्माण करने के साथ ही उसकी खरीद-बिक्री करेंगी। इसी प्रकार श्रीमती राखी सूपा, डलिया सहित बांस से निर्मित विभिन्न सामग्रियों के निर्माण एवं बिक्री के माध्यम से स्वरोजगार से जुड़ेंगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ महिला कोष की सक्षम योजना महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। योजना के माध्यम से महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करें सुनिश्चित करें : कलेक्टर

बैठक में की गई डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं किसान पंजीयन प्रगति की समीक्षा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

सूरजपुर। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गुरुवार को कलेक्टर श्रीमती रेना जमील की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे, किसान पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा विभिन्न राजस्व प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अनुविभाग एवं तहसीलवार डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा करते हुए खेतों में बोई गई फसलों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान पंजीयन में प्रगति लाने के लिए किसानों से संपर्क करने एवं शिविर आयोजित कर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने को

कहा। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में फौती नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, स्वामित्व योजना एवं अन्य राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, जन शिकायतों एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित एवं समय-सीमा से बाहर हो चुके प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती जमील ने निर्देशित किया कि शिकायतों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपरक होना चाहिए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों को राजस्व कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर राम सिंह ठाकुर, सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

करंट से मौत के बाद नहीं मिला मुक्तांजलि वाहन,
ट्रेक्टर में शव ले गए स्वजन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनपुर/अंबिकापुर। जंगली सुअरों से फसल बचाने के लिए खेत के चारों ओर लगाए गए करंट प्रवाहित तार ने एक युवक की जान ले ली। मौत के बाद भी सिस्टम की संवेदनहीनता खत्म नहीं हुई। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घंटों पड़ा रहा। स्वजन शव वाहन के लिए भटकते रहे, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था। मामला तूल पकड़ा तो नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू अस्पताल पहुंची और स्वास्थ्य अमले को जमकर फटकार लगाई।

घटना सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रेम्हला से लगे झिलमिली जंगल की है। यहां एक ग्रामीण ने अपनी फसल को जंगली सुअरों से बचाने के लिए खेत के आसपास अवैध रूप से करंट प्रवाहित तार लगा रखा था। 14 अक्टूबर को रेम्हला निवासी जुगेश्वर पिता शंकर पावले 25 वर्ष इसी तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। यहां शव को गांव तक ले जाने के लिए सरकारी शव वाहन नहीं मिला। स्वजन घंटों अस्पताल परिसर में इंतजार करते रहे, बाद में ट्रेक्टर में शव ले गए। इधर पुलिस ने करंट लगाने वाले खेत मालिक के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

नपं अध्यक्ष के पहुंचने के बाद सिस्टम की लापरवाही सामने आई

जीवनदीप समिति के भरोसे व्यवस्था

जीवनदीप समिति के वाहन चालक महमूद खान ने बड़ा आरोप लगाया। उसने कहा कि शासन द्वारा नियुक्त नियमित वाहन चालक ड्यूटी से नदारद रहते हैं, अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाते। इसका खामियाजा परिजनों को भुगतना पड़ता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए लाने और फिर घर तक पहुंचाने का काम मजबूरी में जीवनदीप समिति के कर्मचारियों को करना पड़ता है।

नपं अध्यक्ष को हाजिरी रजिस्टर खाली मिला

शव वाहन नहीं मिलने की सूचना जब नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू को मिली तो वे तत्काल अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया। नियमित चालक की अनुपस्थिति और वाहन चालकों की कमी पर कड़ी नाराजगी जताई। मौके पर हाजिरी रजिस्टर चेक किया तो कई कर्मचारियों के हस्ताक्षर भी नहीं मिले।

बीएमओ को दिए कार्रवाई के निर्देश

अध्यक्ष ने बीएमओ डॉ. ओम प्रकाश प्रसाद को निर्देशित किया कि अनुपस्थित और लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही जीवनदीप समिति के माध्यम से तत्काल वैकल्पिक चालक की व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने भी रात के समय अस्पताल की बदहाल व्यवस्था और चौकीदार के नहीं होने पर सवाल उठाए। इस पर बीएमओ ने कहा कि स्टाफ की कमी है, कर्मचारियों को कई तरह के काम करने पड़ते हैं और चौकीदार का पद ही स्वीकृत नहीं है। इससे उन्होंने उच्च अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही।

घने जंगल में घेराबंदी, अंधेरे का फायदा उठाकर भागे गौ-तस्कर, मनोरा में पुलिस ने छुड़ाए 10 गौवंश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुर। गौ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत जशपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। चौकी मनोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए झारखंड की ओर पैदल हांक कर ले जाए जा रहे 10 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से सकुशल छुड़ाया है। पुलिस को देख तस्कर जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

जंगल के रास्ते झारखंड ले जा रहे थे गौवंश

मामला चौकी मनोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम मुट्टू जकबा जंगल का है। दिनांक 14.10.26 की शाम करीब 4:30 बजे चौकी मनोरा पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति मनोरा क्षेत्र के ग्राम मुटू जकबा के जंगल के रास्ते भारी मात्रा में गौवंशों को पैदल जल्दी-जल्दी हांक कर, बेरहमी पूर्वक मारते-पीटते हुए झारखंड राज्य की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर चौकी मनोरा पुलिस टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और तत्काल ग्राम मुटू जकबा की ओर रवाना हुई। जंगल में पुलिस ने देखा कि कुछ व्यक्ति गौवंशों को पैदल हांक कर ले जा रहे हैं।

केस दर्ज, तलाश जारी

पुलिस ने चौकी मनोरा में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1961 की धारा 11 (1)(क)(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया है। फरार तस्करों की पतासाजी जारी है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी मनोरा उप निरीक्षक विवेक कुमार भगत, सहायक उप निरीक्षक शांति प्रमोद टोप्पो, प्रधान आरक्षक निर्मल बड़ा, आरक्षक शैलेन्द्र तोमर व सुधीर मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

घेराबंदी देखते ही छोड़कर भागे

पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस को देख संदिग्ध गौ तस्करों में भगदड़ मच गई और वे अंधेरे व घने जंगल का फायदा उठाते हुए गौवंशों को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से 10 नग गौवंशों को सकुशल बरामद किया। सभी गौवंशों का पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया।

किसी को बख्शा नहीं जाएगा-एसपी

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि मनोरा क्षेत्र से 10 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया गया है, आरोपी फरार हैं, पुलिस पता तलाश कर रही है। मामले में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन शंखनाद निरंतर जारी है।

अपूर्ण निर्माण कार्यों पर कलेक्टर सख्त, हाट बाजार शेड निरस्त करने के निर्देश; अधिकारियों से मांगा जवाब

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर। विकासखंड दुलदुला के दौरे के दौरान कलेक्टर रोहित व्यास ने हाट बाजार, कृषि मंडी और पंचायत भवनों के निर्माण कार्यों में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की है। कई जगह काम अधूरे और कहीं काम शुरू ही नहीं होने पर कलेक्टर ने दो हाट बाजार शेड के काम निरस्त कर दिए और संबंधित अधिकारी से जवाब मांगा है।

बंगूरकेला में अधूरा शेड, ग्रामीणों से सुनी समस्या

कलेक्टर व्यास ने सबसे पहले ग्राम बंगूरकेला में हाट बाजार के लिए बनाए जा रहे शेड का निरीक्षण किया। कार्य अपूर्ण पाए जाने पर उन्होंने निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्य निरस्त करने के निर्देश दिए। इसी दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और निराकरण के निर्देश दिए। ग्रामीण सचिवालय की बैठकों के संचालन की जानकारी भी ली और नवनिर्मित पंचायत भवन की गुणवत्ता देखी।

चटकपुर में काम शुरू ही नहीं, अधिकारी को नोटिस

ग्राम चटकपुर में हाट बाजार के लिए प्रस्तावित शेड निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे तो पाया कि निर्माण कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्य को तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने को कहा।

कस्तूरा मंडी में अतिक्रमण, एक हफ्ते का अल्टीमेटम

ग्राम पंचायत कस्तूरा में कृषि उपज मंडी का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मंडी परिसर की सुरक्षा के लिए शीघ्र घेराव कराने, भूमि का सीमांकन करने तथा अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। सभी कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने को कहा, ताकि मंडी का व्यवस्थित उपयोग हो सके।

कादोपानी में सड़क का प्रस्ताव

ग्राम पंचायत कादोपानी में शौचालय निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का जायजा लिया। कादोपानी से जामटोली पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं होगा। प्रत्येक कार्य की नियमित निगरानी हो और निर्माण एजेंसियों की जवाबदेही तय की जाए। अपूर्ण कार्यों और लापरवाही पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

स्कूलों के समीप तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर संयुक्त कार्रवाई, छह मेडिकल स्टोर्स एवं स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशन एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में तहसील पत्थलगांव के बागबहार क्षेत्र में औषधि निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान स्कूलों के 100 गज के दायरे में स्थित पान ठेलों एवं किराना दुकानों में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पाए जाने पर तंबाकू उत्पाद जब्त किए गए। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 की धारा 6(ख) के अनुसार, किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। यह कार्यवाही कोटपा अधिनियम के तहत की गई है।

इसके साथ ही पत्थलगांव स्थित छह मेडिकल स्टोर्स बंसल मेडिकल, लक्ष्मी मेडिकल, गोयल मेडिकल एजेंसी, पटेल मेडिकल, अग्रोहा मेडिकल स्टोर्स, न्यू चंद्रहासिनी मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी मेडिकल स्टोर्स नियमानुसार संचालित पाए गए।

इसके अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पत्थलगांव के ब्लड स्टोरेज सेंटर एवं औषधि भंडार गृह का भी निरीक्षण किया गया। औषधि भंडार गृह में सीजीएमएससी से प्राप्त एवं स्थानीय क्रय के माध्यम से खरीदी गई दवाइयों को अलग-अलग रैक में व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, एक्सपायरी दवाइयों को नियमानुसार पृथक रैक में रखने के लिए निर्देशित किया गया।

कलेक्टर का दुलदुला दौरा, अधूरे स्कूल भवन और शौचालय पर जताई नाराजगी, एजेंसियों को चेतावनी

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को विकासखंड दुलदुला के विभिन्न ग्राम पंचायतों का व्यापक दौरा कर शैक्षणिक संस्थानों, स्कूल मरम्मत कार्यों, जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी टंकियों तथा अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपूर्ण एवं गुणवत्ताविहीन कार्य मिलने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने, नहीं तो कार्रवाई की चेतावनी दी।

बरपानी में स्कूल भवन और जल जीवन मिशन देखा

कलेक्टर व्यास ने सबसे पहले ग्राम पंचायत बरपानी में निर्माणाधीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित एजेंसी को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने बरपानी में ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी टंकी का निरीक्षण किया। योजना की जमीनी हकीकत जानने के लिए कलेक्टर स्वयं एक स्थानीय परिवार के घर पहुंचे और नल से पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली।

कस्तूरा, कोरना, सीरिमकेला में मिली लापरवाही

कशीबन्धः ग्राम पंचायत कशीबन्ध के आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कस्तूराः शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल मरम्मत कार्य वर्ष 2024-25 का अब तक पूर्ण नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्य निरस्त करने के निर्देश दिए।

कोरनाः ग्राम पंचायत कोरना के शासकीय प्राथमिक शाला में शौचालय का कार्य अपूर्ण और विद्युतीकरण का कार्य शेष मिलने पर एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। समय पर कार्य न होने पर कार्य निरस्त करने की चेतावनी दी।

सीरिमकेलाः प्राथमिक शाला में मरम्मत कार्य अपूर्ण पाए जाने पर एजेंसी के विरुद्ध कार्य निरस्त करने के निर्देश।

फरसाः शासकीय प्राथमिक शाला में आंतरिक विद्युतीकरण एवं शौचालय में पानी की व्यवस्था एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूलों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें और निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय पर पूरा कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

बिहान से बदली किस्मत, कांसाबेल की संज्योति चौहान बनीं बैंक सखी, 68 हजार के लोन से शुरू किया कारोबार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बिहान योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की नई राह खोल रही है। स्व सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं न सिर्फ खुद कमा रही हैं, बल्कि पूरे गांव को सुविधा दे रही हैं। इसकी जीती-जागती मिसाल हैं कांसाबेल विकासखंड के ग्राम टांगरगांव की संज्योति चौहान।

2019 से कर रहीं बैंक सखी का काम

संज्योति चौहान चांदनी स्व सहायता समूह से जुड़ी हैं। वर्ष 2019 से वे ग्रामीण बैंक से संबद्ध बैंक सखी के रूप में कार्य कर रही हैं। गांव में ही किराना दुकान चलाने के साथ-साथ वे ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं देती हैं। अब गांव वालों को बैंक के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। संज्योति दीदी ही उनके लिए बैंक बन गई हैं। उनके माध्यम से पैसा निकालना, जमा करना, डिजिटल भुगतान, बीमा जैसी सभी वित्तीय सेवाएं गांव में ही मिल जाती हैं।

हर महीने 8-9 लाख का लेन-देन, 5 हजार की आय

बैंक सखी के रूप में उनके माध्यम से प्रतिमाह लगभग 8 से 9 लाख रुपये का लेन-देन होता है, जिससे उन्हें औसतन 5 हजार रुपये की मासिक आय प्राप्त होती है। शुरुआत में बैंक सखी का काम शुरू करने के लिए उन्होंने स्व सहायता समूह के माध्यम से 68 हजार रुपये का ऋण लिया था। उसी से उन्होंने अपना काम खड़ा किया।

परिवार की खुशहाली में योगदान

आज संज्योति बैंकिंग सेवाओं और किराना दुकान दोनों से आय अर्जित कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं और सम्मानजनक जीवन जी रही हैं। उनकी सफलता गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई है। उन्होंने कहा कि बिहान योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

नागलोक को सीएम की बड़ी सौगात, समडमा में 2.91 करोड़ का बिजली सब स्टेशन, 16 गांवों में खत्म होगी लो वोल्टेज की झंझट

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर। जिले के नागलोक क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या झेल रहे 16 गांवों को जल्द राहत मिलने वाली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर फरसाबहार तहसील के समडमा में 2 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है।

16 गांवों को होगा सीधा फायदा

समडमा में यह सब स्टेशन शुरू होने से समडमा, सांको, साहिलता, बांसाझाल, छरला, मांझापारा, कोरचिकानी, लावाकेरा, जूनाडीह, जगदमपुर, रेंगारमुण्डा, जाडामल, बेलडीपा, चालडीह, जामडांड और रंगीयाडीपा सहित आसपास के दर्जनों गांवों के उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। अभी तक क्षेत्र में लो वोल्टेज के कारण घरेलू काम, कृषि पंप, मोटर और अन्य विद्युत उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे थे। किसानों को सिंचाई और घरों में लोगों को रोजमर्रा के कामों में परेशानी हो रही थी। सब स्टेशन चालू होने के बाद स्थानीय विद्युत वितरण व्यवस्था मजबूत होगी और बिजली की गुणवत्ता में सुधार आएगा। घरेलू जरूरतों के साथ-साथ कृषि कार्यों के लिए भी बेहतर बिजली मिल सकेगी।

क्षेत्रवासियों में खुशी, सीएम को दिया धन्यवाद

समडमा में सब स्टेशन का निर्माण शुरू होने से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है। लोगों का कहना है कि यह उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग थी। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

कलेक्टर ने आँवरापानी पुलिया पर जताई नाराजगी, डीएमएफ के मिनी स्टेडियम का काम किया निरस्त

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर। दुलदुला विकासखंड के दौरे पर पहुंचे कलेक्टर रोहित व्यास ने सड़क और पुल-पुलिया निर्माण कार्यों में भारी लापरवाही मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने अनुपयोगी निर्माण कार्यों पर सवाल उठाते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

आँवरापानी में पुल की उपयोगिता पर सवाल

कलेक्टर व्यास ने ग्राम आँवरापानी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत केंद-खमन पहुंच मार्ग पर निर्मित आरसीसी पुलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल की उपयोगिता को लेकर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण से अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है और यह अनुपयोगी प्रतीत हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत दुलदुला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को निर्देश दिए कि पुल निर्माण की आवश्यकता, उपयोगिता और कार्य की वास्तविक स्थिति की जांच कर 10 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

शासकीय राशि का सदुपयोग हो - कलेक्टर

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों की योजना बनाते समय उपयोगिता, आवश्यक आकार और निर्धारित मानकों का ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि शासकीय राशि का सदुपयोग हो सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क, पुल-पुलिया एवं अधोसंरचना कार्यों की नियमित निगरानी की जाए। किसी भी कार्य को स्वीकृत करने से पहले उसकी वास्तविक आवश्यकता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जहां अनियमितता या लापरवाही मिले, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

कस्तूरा में दो बड़े निरीक्षण

इसके पश्चात ग्राम पंचायत कस्तूरा में कलेक्टर ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत निर्माणाधीन कस्तूरा से सरायटोली मार्ग का निरीक्षण किया और सड़क निर्माण की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। इसी दौरान कस्तूरा में ही जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। मैदान की लंबाई-चौड़ाई और उपलब्ध स्थान को निर्धारित मानकों के अनुरूप पर्याप्त नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने कार्य को तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अंबिकापुर छ. ग. पिन नं. 497001 से मुद्रित व वार्ड क्र. 10 कुनकुरी जशपुर से प्रकाशित। संपादक - लक्ष्मण सिंह